JALAUN POLICE

दिनांक – 23.05.2026

कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा 02 गांजा तस्कर को 3.650 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण व परिवहन एवं नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान दिनांक 23.05.2026 को गांजा तस्कर 1.निखिल वर्मा पुत्र स्व0 देवेन्द्र कुमार नि0 ग्राम अण्डा उम्र करीब 27 वर्ष 2. बुद्ध सिंह रैकवार पुत्र चन्द्रशेखर नि0 ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जनपद जालौन उम्र करीब 26 वर्ष को 3.650 कि0ग्रा0 गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0 105/2026 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–

1. निखिल वर्मा पुत्र स्व0 देवेन्द्र कुमार उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जनपद जालौन।
2. बुद्ध सिंह रैकवार पुत्र चन्द्रशेखर उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम अण्डा कोतवाली कोंच जनपद जालौन।

अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. 3.650 किग्रा0 अवैध गांजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम